

# झिरना मंदिर विवाद में सर्वसमाज सड़कों पर उतरा

## रिटायर्ड डीएसपी के सम्मान में गूंजा शिवपुरी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सहित क्षत्रिय समाज व करणी सेना ने निकाली रैली



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 नवम्बर।** झिरना मंदिर विवाद में रविवार को जिला मुख्यालय पर रिटायर्ड डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार के समर्थन में सर्वसमाज की बड़ी रैली निकाली गई। इस रैली में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अंतर्गत लोकल ट्रक ऑपरेटर यूनियन, जिला कांग्रेस ट्रांसपोर्ट यूनियन, शिवपुरी ट्रक एंड ऑपरेटर्स यूनियन, ऑल इंडिया मोटर कांग्रेस (म.प्र. इकाई), अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना एवं क्षत्रिय समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी संगठनों ने मिलकर एफआईआर निरस्त करने एवं मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। रैली दो बत्ती चौराहा स्थित चिंता हरण हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर एसपी कार्यालय पहुंची, जहां संगठनों के प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से एसपी ऑफिस में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

रैली में जिला कांग्रेस ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष वाजिद अली, लोकल ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष अब्दुल रफीक खान 'अप्पल', मुकेश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष शहीद भाई, औसाफ भाई, शिवपुरी ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष सूबेदार सिंह कुशवाह 'मुन्ना राजा', अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष सुनीत सिंह चौहान, करणी सेना के प्रदेश पदाधिकारी अतुल प्रताप सिंह, अखलाक खान, समीर पाशा, राजा खान, साबिर खान, नूर खान, हीरा खान, आमिर टाटू भाई, अकील भाई, मर्दी भाई, सन्नू मिस्त्री, हुकुमचंद कल्लू शिवहरे, नीरज कुशवाह, राहुल शिवहरे, कैलाश मंगल राठौर, बंटी खान, आरिफ कुरैशी, बाईसराम शिवहरे, राहुल सैन, पवन शिवहरे, फ्रूट यूनियन अध्यक्ष अकबर राइन, असलम भाई, वीरेंद्र खटीक, राकेश धाकड़, चंदन खटीक, राजेंद्र धाकड़, रफीक भाई, सलीम भाई, महेश भाई, गोकुल धाकड़, बस ऑपरेटर यूनियन अध्यक्ष मदन सेजवार 'मद्दू पार्षद', पूर्व पार्षद अरुण शर्मा, शराफत भाई, सफदर बेग मिर्जा सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज एवं व्यापारी वर्ग के लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया कि रिटायर्ड डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार पर दर्ज एफआईआर झूठी और भ्रामक है। यह एफआईआर झिरना मंदिर के पुजारी बलराम उर्फ लक्ष्मणदास उर्फ कम्मो गुर्जर द्वारा राजनीतिक दबाव में दर्ज कराई गई है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि जिस दिन का विवाद बताया जा रहा है, उस दिन फरियादी स्वयं रिटायर्ड डीएसपी सिकरवार के नवाब साहब रोड स्थित निवास पर आया था, जहां उसका ससम्मान स्वागत कर चाय-पानी कराया गया था। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। संगठनों ने पुजारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह पूर्व में एसएएफ जवान की हत्या के मामले में जेल की सजा काट चुका है और राजेंद्र गुर्जर गैंग से जुड़ा रहा है।

साथ ही उस पर झिरना मंदिर परिसर में शासन की अनुमति के बिना अवैध निर्माण कराने और व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पुजारी ने अपने राजनीतिक संपर्कों का उपयोग कर रेंजर माधव सिंह सिकरवार के पिता के खिलाफ भी झूठा मामला दर्ज कराया है, जिससे प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

सभी संगठनों ने थाना सतनवाड़ा में दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# फरार स्थाई वारंटी सोमपाल लोधी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्थाई वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस चौकी खौड़ थाना भौती की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

**चौकी खौड़ थाना भौती पुलिस की बड़ी सफलता**

दिनांक 09 नवम्बर 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरसीटी क्रमांक 296/21 में फरार स्थाई वारंटी सोमपाल पुत्र नाथूराम लोधी (आयु 29 वर्ष), निवासी ग्राम दरगुवां, चौकी खौड़ थाना भौती अर्स खान के होटल ग्राम खौड़ में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सोमपाल लोधी बताया, जो माननीय न्यायालय जेएमएफसी पिछोर के प्रकरण में दो साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पिछोर में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज राजपूत, उप निरीक्षक कुसुम गोयल (चौकी प्रभारी खौड़), सहायक उप निरीक्षक सरदार सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र सिंह बुंदेला, आरक्षक वीरेन्द्र वाथम, आरक्षक रवि शर्मा, सैनिक क्रमांक 314 भागीरथ, सैनिक क्रमांक 107 हनुमंत सिंह एवं सैनिक क्रमांक 34 निखिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुनील शर्मा बने प्रेस क्लब शिवपुरी के जिला उपाध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 नवम्बर।** वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा को प्रेस क्लब जिला इकाई शिवपुरी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति प्रेस क्लब के संरक्षक प्रमोद भार्गव की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अनुपम शुक्ला एवं जिला सचिव मुकेश जैन द्वारा सर्वसम्मति से की गई।

**पत्रकारिता जगत में हर्ष और गर्व की लहर**

नियुक्ति स्वीकार करते हुए सुनील शर्मा ने कहा कि वे जिले के पत्रकारों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। प्रेस क्लब शिवपुरी के अध्यक्ष अनुपम शुक्ला और सचिव मुकेश जैन ने सुनील शर्मा के अनुभव, सरल स्वभाव और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी।

# मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 नवम्बर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेंद्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन से विधिक जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

**न्यायोत्सव के तहत विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उक्त मैराथन दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर मैराथन को प्रारंभ कराया गया। विधिक जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ के शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश अशोक कुमार शर्मा, जिला न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश कौशलेंद्र सिंह भदौरिया, जिला न्यायाधीश राजीव राव गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजना चतुर्वेदी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जितेन्द्र मेहर, न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सुश्री प्रिया शर्मा, प्रीति परिहार, प्रत्यक्षा कुलेश, निहारिका ब्यास, धर्मवीर सिंह राठौर, चीफ एलएडीसी आलोक श्रीवास्तव, समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पुलिस एवं यातायात पुलिस के कर्मचारी एवं विद्यालयीन, महाविद्यायीन विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। मैराथन दौड़ एडीआर भवन से प्रारंभ होकर एसडीएम हॉस्पिटल, राजेश्वरी रोड, गुरूद्वारा चौराहा, माधव चौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा, लायन्स क्लब चौराहा होते हुए एडीआर भवन पर समाप्त हुई। दौड़ में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को नालसा के लोगो न्याय सबके लिए वाली टी-शर्ट नि:शुल्क वितरित की गई।

उक्त मैराथन दौड़ में सैकड़ों प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश: पुष्पेन्द्र यादव, प्रशांत योगी, कपिल धाकड एवं सागर शर्मा रहे। इसी बीच प्रधान जिला न्यायालय शिवपुरी प्रांगण में स्थित एडीआर भवन में कानूनों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूकता को दर्शाते हुए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयीन बच्चों द्वारा चित्रकला का आयोजन किया गया।

# जीवित प्राणी जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र का हिस्सा : मंगल सागर



**नवभारत न्यूज**
**कोलारस, 9 नवम्बर।** चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पर आयोजित धार्मिक प्रवचन में मुनि श्री मंगल नंदसागर महाराज ने भक्तों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि सभी जीवित प्राणी जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि अकाल मरण का अर्थ है किसी व्यक्ति की मृत्यु का उसके निर्धारित जीवनकाल से पूर्व होना, जो उसके पूर्व जन्मों के कर्मों का परिणाम होता है।

**मनुष्य के अकाल मरण के अनेक कारण : मुनि श्री मंगल नंदसागर**

मुनि श्री ने कहा कि अहंकार, अधिक बोलना, त्याग का अभाव, क्रोध, स्वार्थ, मित्रद्रोह तथा अनैतिक कर्म मनुष्य के अकाल मरण के प्रमुख कारण बनते हैं। आत्मा अजर-अमर है, केवल शरीर का मरण होता है — यही सृष्टि का नियम है। मृत्यु एक निश्चित प्रक्रिया है जो आत्मा के संचित कर्मों पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि अत्यन्त अभिमान एक मानरूपी अग्नि है, जिसे उत्तम मार्दव धर्मरूपी जल से बुझाना चाहिए। अहंकार व्यक्ति को आत्म-नियंत्रण से दूर ले जाता है और क्षणभंगुर उपलब्धियों पर गर्व कराता है। यह अहंकार कर्मों की आत्मा को ढँक देता है और मोक्ष के मार्ग में बाधा बनता है।

मुनि श्री ने बताया कि अधिक बोलने से नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होते हैं, जो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों स्तरों पर हानिकारक हैं। किसी को कटु शब्द कहना या अपमानित करना भी हिंसा का रूप है, जो आत्मा की शुद्धता को दूषित करता है। अहिंसा केवल शरीर की नहीं, बल्कि वाणी और मन की भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कम बोलता है उसकी बातों का महत्व बढ़ता है। यदि हमारे शब्दों से किसी को पीड़ा पहुँचती है, तो मौन ही सर्वोत्तम उपाय है। त्याग के अभाव में व्यक्ति मोह, आसक्ति और कर्मों के बंधन में जकड़ा रहता है, जिससे वह आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति से दूर हो जाता है। अंत में मुनि श्री ने संदेश दिया कि जीवन में त्याग, विनम्रता, संयम और अहिंसा को अपनाकर ही मनुष्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पा सकता है।

# सुनीता सोलंकी बनीं पुलिस शिकायत बोर्ड में जिला सदस्य



**नवभारत न्यूज**
**कोलारस, 9 नवम्बर।** केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशीर्वाद एवं कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव की अनुशंसा पर ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता नवलसिंह सोलंकी को पुलिस शिकायत बोर्ड, जिला शिवपुरी में सदस्य के रूप में मनोनीत किया है।

श्रीमती सोलंकी ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया, प्रभारी मंत्री तोमर और विधायक यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक महेंद्र सिंह यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह चौहान, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष सीताराम रावत, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सदस्य बलवीर निबोरिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र रघुवंशी शामिल हैं।






# मैराथन दौड़ एवं विधिक जागरूकता प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**खनियांधाना, 9 नवम्बर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी श्रीमती रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खनियाधाना श्रीमती मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ आज मैराथन दौड़ एवं विधिक जागरूकता प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन सिविल न्यायालय खनियाधाना श्रीमती मोनिका वर्मा के अध्यक्षता में सिविल न्यायालय खनियाधाना से रेन्ज चौराहा खनियाधाना तक मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया कार्यक्रम में न्यायालय खनियाधाना के न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती मोनिका वर्मा तथा विधिक सेवा कर्मचारी श्री भगवती प्रसाद कुशवाहा, तहसील विधिक सेवा समिति खनियाधाना के सभी पैनल अधिवक्ता गण एवं पैरा लीगल वालंटियर, सामाजिक कार्यकर्ता मीडिएटर अधिवक्तागढ़, न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गण एवं थाना के पुलिस सुरक्षा बल सहित लगभग 30 लोग उपस्थित रहे। उक्त न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम दिनांक 9-11-25 से दिनांक 14-11-2025 तक विभिन्न स्थानों पर विधिक प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

# सेंवढ़ा विधायक ने किया 25 लाख लागत के सीसी रोड का लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 9 नवम्बर।** इंदरगढ़ ग्राम पंचायत महरौली के ग्राम महरौली में मुख्य मार्ग से ग्राम बिडौरा ?की और 25 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष थरेट देवेश चौधरी ए जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रुस्तम जाटव जनपद पंचायत सेंवढा के उपाध्यक्ष सुनील बुधौलिया के अलावा राजेंद्र सिंह गुर्जर पापाए राम बहादुर सिंह गुर्जर एलव कुश सिंह गुर्जरए अनूप दांतरेए सुजान सिंह रावतए राममिलन चौधरीए रामनिवास गुर्जरए चंदन सिंह गुर्जरए उत्तम सिंह कमरियाए अमजद खानए राम मिलन सिंह कमरियाएजितेन्द्र शर्मा एसंतोष महतेए चंद्रपाल सिंह यादव एबाबूलाल राजपूतए हरनारायण सेनए विवेक तिवारीए राजू कुशवाहाए भगवान सिंह यादवए राकेश खटीकए आशीष कमरियाए संजीव गुर्जरए गोटी राम सेनए कल्याण सिंहए हरिशंकर वकील ए सी पी शर्मा वकील साहब आदि उपस्थित रहे । ग्राम के सरपंच सरदार सिंह गुर्जर ने उपस्थित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । स्वागत भाषण में श्री राजेंद्र सिंह गुर्जर पापा ने कहा कि विधायक प्रदीप अग्रवाल द्वारा जो विकास करवाये जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है।

### सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**इंदरगढ़।** नगर गहोई धर्मशाला में रतन गढ़ माई के भाई दोज मेला महोत्सव के सफ्ल कार्यक्रम एवं गल्ला उधोग एवं व्यापारी संघ इंदरगढ़ का शपथ समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सेवड़ा विधायक माननीय प्रदीप अग्रवाल जी एवं जिला कलेक्टर बानखड़े साहब श्रीमान कलेक्टर महोदय जी का रतनगढ़ मेले के सफ्ल कार्यक्रम के उपलक्ष में उनका सभी व्यापारी संघ के द्वारा स्वागत सम्मान किया एवं मुख्य अतिथि विधायक जी का स्वागत हुआ इसी क्रम में मंच पर उपस्थित डबरा गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मुन्ना डेंगरे एसडीम अशोक अवस्थी तहसीलदार दीपक यादव नायब तहसीलदार मनोज दिवाकर च त व निहारका जी थाना प्रभारी वैभव गुप्ता सभी गल्ला व्यापारी गण गला उद्योग एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता जी ने अपनी सभी समिति के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ली।अतिथियो का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया सम्मान करने वालों में राघवेंद्र सिंह जाट गुलाब शिवहरे गिरधर बिलैया व्यापार संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता विजय राम गुप्ता पवन साहू आदि लोग उपस्थित रहे1

# विधिक सेवा दिवस के अवसर पर मैराथन का आयोजन

**श्योपुर, 9 नवंबर।** माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस पर विशेष न्यायाधीश एवं माननीय प्रभारी प्रधान न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलंकी द्वारा जिला न्यायालय श्योपुर से न्याय के लिये दौड़, प्रत्येक कदम कानूनी जागरूकता की ओर की थीम पर आधारित मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर प्रारंभ किया गया। मैराथन जिला न्यायालय परिसर श्योपुर से प्रारंभ होकर समापन यातायात थाने पर किया गया। मैराथन में जिला न्यायालय श्योपुर के समस्त न्यायाधीशगण सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, प्रथम जिला न्यायाधीश, श्रीमती बबीता हौरा शर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश, सुश्री संध्या मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमोघ अग्रवाल, जे.एम.एफसी. श्योपुरद्वारा अपनी सहभागिता दी गई।